# डीएपी खाद लेने के लिये कतार में खड़े किसानों पर पुलिस ने लाठियां बरसाई

## बिना किसी चेतावनी के अचानक लाठीचार्ज से किसानों में भगदड़ मची, कई किसानों को चोटें आई

- भगदड़ के बीच उनकी चप्पलें, कपड़े और अन्य सामान छूट गए, किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के भादरा कस्बे में डीएपी खाद मांग रहे किसानों पर पुलिस ने लाठियां बरसा दी। खाद लेने के लिए कई महिलाएं भी कतार में लगी थी। बिना किसी चेतावनी के अचानक लाठीचार्ज करने से किसानों में भगदड़ मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भगदड़ के कारण कई किसानों को चोटें आई हैं। भगदड़ के बीच उनकी चप्पलें, कपड़े और अन्य सामान वहीं छूट गए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।

जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार सुबह 11.30 बजे की है। डीएपी खाद लेने के लिए कृषि विश्राम गृह के बाहर बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं लाइन में लगे थे। भारी भीड़ के कारण कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। कई महिलाएं दीवार कूदकर कृषि विश्राम गृह के अंदर घुस गई। भीड़ के नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिसकर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान मौके पर भगदड़ मच गई।

जानकारी के अनुसार भादरा कस्बे के कृषि विश्राम गृह में शुक्रवार को डीएपी खाद के लिए टोकन वितरण किया जाना था। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान गुरुवार रात को ही लाइन में लग गए, ताकि उनको समय पर खाद मिल सके। शुक्रवार सुबह 10 बजे ऑफिस खुलने से पहले सैकड़ों किसान डीएपी खाद लेने के लिए लाइन में लगे हुए थे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। लंबी लाइनों के कारण कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। सुबह करीब 11:30 बजे टोकन वितरण के दौरान भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई। कई किसान और महिलाएं दीवार कूदकर कृषि विश्राम गृह के अंदर घुस गए। पुलिस ने स्थिति संभालने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। अचानक हुए लाठीचार्ज के कारण किसानों में भगदड़ मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लाठीचार्ज को लेकर किसानों में गुस्सा देखने को मिला। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक खाद के लिए लाइन में लगे थे, लेकिन पुलिस ने बिना वजह उन पर बल प्रयोग किया।

करवाचौथ के दिन शहर और गांव की महिलाएं सज-धज कर पूजा की तैयारी में जुटी होती हैं, लेकिन भादरा में महिलाएं खाद वितरण केंद्र पर लंबी कतार में लगी थी। वे खेतों की जरूरत के लिए डीएपी खाद का बैग लेने के लिए टोकन लेने की होड़ थी। लाठीचार्ज के विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसान संगठन के पदाधिकारियों ने नारेबाजी की और भादरा उपखंड ऑफिस में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि भादरा में खाद के लिए लाइन में लगे किसानों पर लाठीचार्ज करना निंदनीय है। हमारी मांग है कि डीएपी खाद की व्यवस्था सही की जाए। मौजूदा विधायक चुनाव से पहले इसी जनता को देवतुल्य बताते थे, लेकिन आज इनको सुबह चार बजे से लाइन में लगाकर दोपहर में लाठियों से पिटवा रहे हैं। पूनिया ने कहा कि ऐसे दोगले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। जितने लोग खाद के लिए जागरूक हैं, इतने लोग एसडीएम दफ्तर पर धरना देकर बैठ जाते तो खाद किसानों के घर भेज देते, इसलिए संघर्ष का रास्ता अपनाओ और हक के लिए आवाज उठाओ।

# राँग साइड से आई पिकअप ने चार दोस्तों को कुचला, एक की मौत

- हादसे में तीन अन्य घायल हो गए, घायलों को एसके अस्पताल में भर्ती कराया
- चारों दोस्त एक होटल में खाना खाने गए थे और खाना खाने के बाद सड़क किनारे खड़े थे

**सीकर,** (निसं)। सीकर में रॉन्ग साइड से आई पिकअप गाड़ी ने चार दोस्तों को कुचल दिया, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को एसके अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार चारों दोस्त एक होटल में खाना खाने गए थे और खाना खाने के बाद सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच सीकर की तरफ से रॉन्ग साइड से आ रही पिकअप ने उन्हें कुचल दिया। यह हादसा बीती रात दादिया थाना इलाके में हुआ। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।

महेंद्र सैनी (मृतक) के बड़े भाई श्रवण ने बताया कि मेरा भाई महेंद्र सैनी (25) अपने दोस्तों के साथ हरदयालपुरा में होटल पर खाना खाने के लिए गया था। वह सड़क किनारे अपने एक दोस्त के साथ बाइक पर बैठा था, जबकि दो दोस्त नीचे खड़े थे। मेरा भाई ड्राइवरी का काम करता था। श्रवण ने बताया कि रात को उन्हें ट्रॉमा केंद्र से सूचना मिली कि उनके भाई की मौत हो गई जबकि अन्य तीन सुरेंद्र, अंकित और सुनील घायल हो गए। मृतक महेंद्र पांच भाइयों में सबसे छोटा था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार की आर्थिक स्थिति ज्यादा ठीक नहीं है।

मामले में दादिया थाना इंस्पेक्टर बुद्धिप्रसाद का कहना है कि परिजनों की तरफ से गाड़ी के नंबरों के आधार पर मामला दर्ज करवाया गया है। मुकदमा दर्ज करके इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दिया गया है। गाड़ी की तलाश की जा रही है।

# चोरी की 10 बाइक बरामद, दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



भिवाड़ी पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया।

**अलवर,** (निसं)। भिवाड़ी पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए भिवाड़ी एसपी प्रशांत किरण के निर्देशन में थानाधिकारी देवेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। वहीं चोरों के कब्जे से 10 बाइक बरामद की है।

इस मामले में भिवाड़ी डीएसपी कैलाश चौधरी ने बताया कि शंकर पुत्र बाबूलाल सैनी निवासी जौडिया पट्टी, बहादुरपुर अलवर और उनशेद उर्फ बिल्ली पुत्र कमरूदीन निवासी टोहरी, किशनगढ़बास को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपियों के कब्जे से नीमराना, सदर अलवर, कोतवाली अलवर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 10 मोटरसाइकिलें बरामद की गई। आरोपी शंकर का आपराधिक रिकार्ड रहा है और वह पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस अन्य संभावित वारदातों और सह-आरोपियों के बारे में गहन जांच कर रही है।

# जनजाति वर्ग की बालिकाओं के लिये निःशुल्क व्यवस्था की

- जनजाति वर्ग की बालिकाओं के कॅरियर निर्माण की दिशा में कदम उठाया

**जयपुर।** बालिकाओं की शिक्षा और रोजगार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री की इसी सोच के अनुरूप जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग ने जनजाति वर्ग की बालिकाओं के कॅरियर निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विभाग द्वारा आई.आई.टी. जे.ई.ई./नीट परीक्षा-2026 व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली जनजाति वर्ग की छात्राओं के लिए जयपुर स्थित जनजाति भवन में संचालित शिक्षा कौशल प्रशिक्षण एवं ट्रेनिंग सेन्टर में आवास व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है ताकि वे पूरा ध्यान परीक्षा तैयारी में लगा सके।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि इस योजना का लाभ चाहने वाली बालिका मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयनित हो तथा वह 2026 में आयोजित होने वाली आई.आई.टी., जे.ई.ई. या नीट अथवा अन्य किसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हो। ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया हेतु विभागीय वेबसाईट 11 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक वेबसाइट पर जाकर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

# अवैध बजरी परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी जब्त

**कोटा,** (निसं)। बूढ़ादीत पुलिस टीम ने ग्रामीण इलाके में अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए बजरी भरने वाली जेसीबी मशीन को भी जब्त किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि ग्रामीण इलाको में अवैध खनन के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उसी अभियान के तहत पुलिस उप अधीक्षक इटावा शिवम जोशी के सुपरविजन में बूढ़ादीत थाने के सहायक उप निरीक्षक नन्दलाल सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में चैकिंग के दौरान अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए बड़ौद निवासी अरूण बैरवा (20) को अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से अवैध खनन में लिप्त जेसीबी को भी जब्त किया है।

# 1100 किलो सोयाबीन तेल व एक हजार किलो नमकीन सील

## अन्य ऑयल मिल पर तेल सैम्पल लिया

**नदबई/भरतपुर,** (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूपसिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम ने नदबई-नगर रोड स्थित ललित इंटरप्राइजेज फर्म पर कार्रवाई करते हुए करीब 1100 किलो सोयाबीन तेल व करीब एक हजार किलो नमकीन को सील किया, जबकि, कुम्हेर रोड स्थित अमित ऑयल मिल पर तेल का सैम्पल लिया।

इससे पहले खाद्य विभाग की टीम ने ललित इंटरप्राइजेज फर्म पर नमकीन की जांच की। जांच के दौरान पांच ड्रम में रखे सोयाबीन तेल में मिलावट का अंदेशा होने पर सोयाबीन तेल का सैम्पल लिया। वहीं, सैम्पल जांच नहीं होने तक पांच ड्रम में रखे करीब 1100 किलो सोयाबीन तेल व तेल से बनी करीब एक हजार किलो नमकीन को सील कर दिया। बाद में खाद्य विभाग की टीम ने कुम्हेर रोड स्थित अमित ऑयल मिल पर सरसों तेल का सैम्पल लिया। उधर, खाद्य विभाग की कार्रवाई देख व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मुख्य बाजार में व्यापारी भी दुकान बंद करते हुए इधर-उधर हो गए।

# बिना लाइसेंस पटाखा दुकानें लगाने पर केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बिना पटाखा लाइसेंस लिए पटाखों की दुकान लगाए जाने पर दो लोगों पर केस दर्ज किया। दुकानों से काफी मात्रा में पटाखों को जब्त किया गया। विस्फोटक अधिनियम में केस बनाए गए। हैड कांस्टेबल भगवानदान ने सेक्टर 2 पर एक दुकान पर दबिश दी। दुकानदार नई बस्ती दइजर करवड़ निवासी विक्रम सिंह पुत्र अणदाराम को पटाखों के लाइसेंस के बारे में पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर दुकान से पटाखें जब्त किए गए।

# श्रीगंगानगर के रत्तेवाला गांव के पूर्व सरपंच ने फर्जी पट्टे जारी किए

- फर्जी मोहर व साइन से पट्टे जारी कर जमीन हड़पने की कोशिश की
- ग्रामीण ने पूर्व सरपंच और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**श्रीगंगानगर,** (निसं) जिले के रत्तेवाला गांव में फर्जी पट्टों के जरिए जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। एक ग्रामीण ने गांव के पूर्व सरपंच और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ अनूपगढ़ एसीजेएम कोर्ट में शिकायत देकर मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि पूर्व सरपंच ने फर्जी मोहर और हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर 1991 की पीछे की तारीख में 4 फर्जी पट्टे तैयार किए ताकि पंचायत और ग्रामीणों की जमीन हड़पी जा सके।

कोर्ट में दी शिकायत में टोपनराम निवासी 15 बीएलएडी (श्रीविजयनगर) ने बताया कि आरोपी तेजासिंह पूर्व में 15 बीएलडी (ए) ग्राम पंचायत का सरपंच रह चुका है। पूर्व सरपंच ने फर्जी मोहर बनाकर 19 मार्च 1991 की तारीख में 4 पट्टे जारी किए। ये पट्टे कथित तौर पर उनके और उनके परिवार के लोगों के नाम पर बनाए गए, जिनमें टोपनराम के फर्जी हस्ताक्षर गवाह के तौर पर दर्ज किए गए। शिकायतकर्ता को जब इसकी जानकारी मिली तो उसने तेजासिंह से संपर्क किया और पट्टों की फोटो कॉपी ली। जांच में पता चला कि इन पट्टों में न तो ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर हैं, न ही भवन संख्या, पट्टा संख्या और न ही जमीन का नक्शा बना। आरोप है कि तेजासिंह ने मृतक हरीचंद पुत्र तुलसीराम और भागसिंह पुत्र उत्तमसिंह के नाम पर भी फर्जी पट्टे बनाए। इतना ही नहीं, हरीचंद की फर्जी रसीद बनाकर तेजासिंह ने जमीन अपनी मृतका पत्नी मलकीयत कौर के नाम ट्रांसफर करने की कोशिश की।

शिकायतकर्ता ने जब पंचायत समिति अनूपगढ़ में जांच की तो पता चला कि 19 मार्च 1991 को कोई पट्टा जारी नहीं हुआ और इसका कोई सरकारी रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। शिकायत में तेजासिंह के साथ सुखदेव कौर पत्नी टहलसिंह, शमशेर सिंह पुत्र रणजीतसिंह और पालसिंह पुत्र मेजरसिंह को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर फर्जीवाड़े की साजिश रची। सुखदेव कौर के साथ मिलकर मृतक भागसिंह के नाम पर पट्टा बनाया गया ताकि गैरकानूनी काम को छिपाया जा सके। फिलहाल कोर्ट के आदेश पर रामसिंहपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई जयपाल कर रहे हैं।

# स्वच्छता अभियान चलाया

**करौली,** (निसं)। चैनपुर कस्बे में सरपंच सहित ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ -सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। चैनपुर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि समय सिह मीना, चौथी लाल मीना, ऋषिकेश मीना, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शिवदयाल कोली, अध्यापक रमेश सोनी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमणस्वरूप लवानिया आदि ग्रामीणों की देखरेख में चैनपुर कस्बे में स्वच्छता अभियान चला कर साफ-सफ़ाई कराई जा रही है। सरपंच प्रतिनिधि समय सिंह मीना ने बताया कि पूरे कस्बे को त्योहार के अवसर पर साफ कराया जा रहा है।

# दिवाली सीजन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध

- दुकानदारों ने निगम कार्यालय के बाहर सड़क पर जाम लगाया

**अलवर,** (निसं)। अलवर नगर निगम की ओर से दिवाली सीजन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को स्थानीय फुटकर दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। पिछले दो दिनों से बाजारों में हो रही कार्रवाई से नाराज दुकानदारों ने निगम कार्यालय के बाहर सड़क जाम कर दिया और पुराने बाजार में दुकानें लगाने की मांग उठाई।

दुकानदारों का कहना है कि हर साल दिवाली पर बाजारों में दुकानें लगती हैं, जो उनकी आय का जरिया है, लेकिन इस बार निगम की ओर से उन्हें कंपनी बाग में दुकानें लगाने को कहा जा रहा है, जहां ग्राहकों की आवाजाही बहुत कम होती है। ऐसे में उनकी कमाई पर सीधा असर पड़ेगा। दुकानदारों ने कहा कि अगर पुराने बाजारों में दुकानें लगाने की अनुमति नहीं दी गई तो उनका दिवाली का कारोबार पूरी तरह चौपट हो जाएगा।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि त्योहारी सीजन में बाजारों में भारी भीड़ रहती है। फुटपाथ और दुकानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में अतिक्रमण हटाना जरूरी है ताकि बाजार में पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही सुचारू रहे। निगम प्रशासन का कहना है कि व्यापारियों को वैकल्पिक स्थान दिया गया है, ताकि त्योहारों में भीड़ प्रबंधन में परेशानी न हो।

# पुलिसकर्मी ने आत्महत्या की

**करौली,** (निसं.)। पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मी जितेंद्र (32) पुत्र राजेंद्र जाट निवासी खेड़ी हेत ने पुलिस लाइन में स्थित अपने आवास पर गले में फंदा लगा लिया, जिसको चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित किया और पोस्टमार्टम के लिए शव मुर्दाघर में रखा। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि यह पुलिसकर्मी पुलिस लाइन में तैनात था जो अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पुलिस लाइन के आवासों में रहता था।

# विद्युतकर्मी के झुलसने का मामला: मुआवजे व आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

## गुरूवार को बिजली फॉल्ट ठीक करने विद्युत पोल पर चढ़ा कर्मचारी करंट से झुलस गया था

- 'हादसा कैसे हुआ या किसकी लापरवाही रही, इसकी जांच करवाई जा रही है'

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के बनाड़ रोड स्थित सारण नगर ओवरब्रिज के पास गुरूवार को बिजली फॉल्ट ठीक करने विद्युत पोल पर चढ़ा कर्मचारी करंट से झुलस गया था। करंट का झटका लगने के बाद नीचे जमीन पर गिरा और उसके पेट में सरिया घुस गया। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था। बाद में घायल को उसके साथ कर्मचारियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल की हालत स्थिर बनी हुई है।

इधर घटना से सुब्ध क्षेत्रवासियों और बिजली महकमे से जुड़े लोगों ने नांदड़ी जीएसएस पर धरना दिया और मुआवजे की मांग रखी। देर शाम तक अधिकारियों और धरना देने वाले लोगों के बीच समझौता और कार्रवाई को लेकर वार्ता चल रही थी। घायल के भाई रमेश प्रजापत की तरफ से जयपाल नाम के शख्स को नामजद कर बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी गई है।

जानकारी के मुताबिक बिजली कर्मचारी गणेश प्रजापत नांदड़ी का रहने वाला है। एफआरटी टीम की ओर से ठेके पर काम करता है। पिछले करीब दस साल से बिजली का काम कर रहा है। वर्तमान में नादड़ी के एईएन ऑफिस में पोस्टेड है। वह बिजलीघर के सरकारी स्टाफ के साथ गुरूवार की शाम 11 केवी की लाइन की केबल जोड़ने गया था। फॉल्ट ठीक करने खंभे पर चढ़ा था। इससे पहले स्टाफ ने शटडाउन को लेकर पूछा था। स्टाफ के शटडाउन लेने पर हामी भरने पर खंभे चढ़ा। इस दौरान तार छूते ही करंट लगा। तारों से चिंगारी निकलते ही स्टाफ ने रस्सी फेंककर उसे खींचना चाहा। इतने में ही करीब 22 फीट ऊंचाई से नीचे जमीन पर गिरा। इस बीच जमीन पर पड़ा सरिया उसके पेट में घुस गया। उसके साथ काम करने वाला स्टाफ निजी अस्पताल लेकर गए, जहां से महात्मा गांधी हॉस्पिटल रेफर किया गया। करंट से उसके पैर और एक हाथ झुलस गया।

नांदड़ी एईएन दिनेश यादव ने बताया कि गणेश एफआरटी स्टाफ के तौर पर काम करता है। फीडर में लाइन जोड़ने के काम से गया था। हादसा कैसे हुआ या किसकी लापरवाही से रही, इसकी जांच करवाई जा रही है।

# बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान, मुआवजे को लेकर किसानों का प्रदर्शन

- भारी नुकसान झेल रहे किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर मोर्चा खोला
- किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मुआवजा नहीं मिला तो उनको आत्मदाह करने पर मजबूर होना पड़ जायेगा



कृषि पर्यवेक्षक विजय सिंह सिहाग व पटवारी दीपक कुमार मीणा ने फसल खराबे का जायजा लिया।

**बिसाऊ,** (निसं)। बिसाऊ के कोदेसर गांव में बेमौसम बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने कृषि पर्यवेक्षक के सामने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर से जल्द बीमा क्लेम और उचित मुआवजा देने की मांग की। किसानों का कहना है कि अतिवृष्टि के कारण उनकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

कोदेसर गांव के किसान पूर्व लोकपाल हनुमान सिंह महला, सच्चिदानंद बेनीवाल, इद्रांज सिहाग, अनिल पूनियां, सत्यपाल बेनीवाल, जगदीश नायक, धर्मवीर नायक, भुगानी देवी और मंजू देवी, सुभिता देवी, ज्योती बेनीवाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस बार औसत से अधिक बेमौसम बारिश हुई है। खेतों में पानी भर गया, जो अब तक जमा हुआ है। इससे खड़ी और कटाई की गई दोनों तरह की फसलें खराब हो गई है। मूंग, चौला, मोठ, ग्वार और बाजरा की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि बेमौसम बरसात ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। भारी नुकसान झेल रहे किसानों ने अब सरकार से मुआवजे की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मुआवजा नहीं मिला तो उनको आत्मदाह करने पर मजबूर होना पड़ जायेगा।

बेनीवाल ने कहा कि किसी कारणवस कुछ किसान फसल बिमा नहीं करवा पाये, उन किसानों को आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा दिलवाया जाये एवं 72 घंटों की समय अवधि बढाया जाए। अन्यथा मौका मुआयना कर उचित न्याय दिलाया जाए। इस दौरान फसल खराबे का निरीक्षण करने पहुंचे कृषि पर्यवेक्षक विजय सिंह सिहाग और राजस्व विभाग के पटवारी दीपक कुमार मीणा ने अलग-अलग खसरों में खराब हुई फसलों का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि फसलों को 70 से 80 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। इसकी रिपोर्ट बनाकर भेजी जाएगी और किसानों को उचित मुआवजा व बीमा क्लेम दिलाया जाएगा।

# नशे की हालत में युवक के साथ कुकर्म किया

**बीकानेर,** (निसं)। खाजूवाला में एक युवक को शराब पिलाकर नशे की हालत में उसके साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने घटना के संबंध में पुलिस को रिपोर्ट दी है।

खाजूवाला थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि 25 साल का युवक 25 सितंबर से एक राजकीय छात्रावास में रंग-रोगन का काम कर रहा था। उस कार्य का ठेकेदार हनुमानगढ़ निवासी गणेशाराम भाट एक अक्टूबर को खाजूवाला आया। शाम को उसने काम का हिसाब किया और रात को शराब और मीट पार्टी की। इस दौरान उसने पीड़ित युवक को ज्यादा शराब पिला दी। नशे में होने के कारण पीड़ित युवक बाहर चारपाई पर सो गया और उसे गहरी नींद आ गई। गणेशाराम उसे नशे की हालत में कमरे के अंदर ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। आरोपी गणेशाराम पीड़ित को बीकानेर ले गया और अपने मौसा-मौसी के घर तीन-चार दिन तक रखा। बाद में पीड़ित ने अपने परिजनों को बताया और पुलिस के पास पहुंचा। खाजूवाला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है जिसकी जांच एएसआई श्रवण कुमार को सौंपी गई है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल मुआयना कराया है। एफएसएल की टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल की है।

# प्राइवेट बस से आया 650 किलो मावा पकड़ा

## मावे का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा

**अजमेर,** (निसं)। दीपावली के त्योहारी सीजन के मद्देनजर बनने वाली मिठाइयों सहित अन्य सामग्रियों की शुद्धता को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत सीएमएचओ के निर्देश पर टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर कार्रवाई अंजाम दी जा रही है। शुक्रवार को भी टीम ने घूघरा घाटी स्थित एक प्राइवेट बस को चेक किया। बस के अंदर से 650 किलो मावा बरामद हुआ।

टीम ने पांच व्यापारियों के सामने अलग-अलग मावे के सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेज दिए। जांच रिपोर्ट आने तक टीम ने व्यापारियों को मावा उपयोग में नहीं लेने के लिए पाबंद किया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसरी नंदन शर्मा ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया है। अभियान के तहत ही शहर भर में कार्रवाई की जा रही है। अभियान की कड़ी में ही शुक्रवार को घूघरा घाटी स्थित राठौड़ ट्रेवल्स पर एक बीकानेर से बस अजमेर पहुंची थी। बस से करीब 650 किलो मावा उतरा था।

यह मावा करीब पांच फर्मों के व्यापारी का बताया गया। मौके पर पहुंचे व्यापारियों के सामने ही मावे की जांच कर सैंपल लिए गए। शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट आने तक सभी व्यापारियों को मावा उपयोग में नहीं लेने के लिए पाबंद किया है। यह मावा बीकानेर से अजमेर मिठाइयों में उपयोग आने के लिए मंगवाया गया था।